आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 06.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड को हर मौसम में पर्यटन का केंद्र बनाने पर जोर दिया।
- श्री मोदी ने मुखबा में मां गंगा की विशेष पूजा–अर्चना की।
- प्रदेशभर में होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान जारी, हरिद्वार में अनिमियतता पाए जाने पर कई दुकानदारों के चालान काटे गए।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित होंगे।

<u>प्रधानमंत्री संबोधन– 1</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड को हर मौसम में पर्यटन का केंद्र बनाने पर जोर दिया है। आज उत्तरकाशी के हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को राज्य के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अब उत्तराखंड में कोई भी सीजन ऑफ–सीजन नहीं रहेगा, बल्कि सालभर पर्यटन का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने इसे राज्य के विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का है, और राज्य की प्रगति के नए रास्ते खुल चुके हैं। उन्होंने सर्दियों में होटल और होमस्टे खाली रहने से पैदा होने वाले आर्थिक असंतुलन की ओर ध्यान दिलाया और कहा कि इसी मौसम में उत्तराखंड की असली खूबसूरती देखने को मिलती है। उन्होंने 365 दिन पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे पर्यटकों को उत्तराखंड की दिव्य अनुभूति मिलेगी और पर्यटन उद्योग को मजबूती मिलेगी।

श्री मोदी ने चारधाम सड़क मार्ग, रेलवे, हवाई सेवाओं और रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गौरीकुंड–केदारनाथ और गोविंदघाट–हेमकुंड रोपवे, यात्रा को और अधिक सुगम बना देंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि 1962 में विस्थापित जादूंग और नेलांग गांवों को फिर से बसाया जा रहा है और वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत बॉर्डर गांवों को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

<u>प्रधानमंत्री संबोधन– 2</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि होम स्टे बनाने वालों को मुद्रा लोन दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने युवाओं और देशवासियों से अपील की, कि जब देश के अन्य हिस्सों में कोहरा रहता है, तब उत्तराखंड की पहाड़ियों में चटक धूप खिली रहती है, जिसे ''घाम तापो पर्यटन'' के रूप में विकसित किया जा सकता है।

उत्तराखंड को फिल्म इंडस्ट्री के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को उन देशों का अध्ययन करने की सलाह दी, जिन्होंने इस क्षेत्र में विशेष कार्य किए हैं। साथ ही, उन्होंने साधु–संतों से आग्रह किया कि वे अपने शिष्यों के लिए विंटर योग शिविर उत्तराखंड में आयोजित करें। श्री मोदी ने स्कूलों को भी विंटर टूरिज्म के लिए छात्रों को उत्तराखंड लाने की पहल करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड शादी के लिए एक बेहतरीन जगह बन सकता है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने मुखबा गांव में मां गंगा की विशेष पूजा–अर्चना की, जहां स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने हर्षिल व्यू प्वाइंट से हिमालयी वादियों का नजारा देखा और ट्रैकिंग व बाइक रैली को झंडी दिखाई। उन्होंने हर्षिल को शांति और सुकून की तलाश करने वालों के लिए आदर्श पर्यटन स्थल बताया।

हर्षिल में अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

रेखा आर्या

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के सभी 193 राशन गोदामों में शीघ्र ही धर्मकांटे लगवाने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों और राशन डीलर एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि कई राशन डीलर्स की शिकायत थी कि उन्हें राशन तोल कर नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते प्रदेश के पात्र राशन कार्डधारकों को भी कई बार नुकसान उठाना पड़ता था। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने सभी पात्र राशन कार्डधारकों को जल्द ही पीवीसी कार्ड उपलब्ध कराने को भी कहा। उन्होंने राशन डीलर्स के बकाया भाड़े और लाभांश के शीघ्र भुगतान के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। श्रीमती आर्या ने राशन डीलरशिप में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की योजना पर तेजी से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सशक्त करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम होगा।

छापेमारी

प्रदेशभर में होली के त्योहार के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान जारी है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरिद्वार बस स्टैंड से हर की पैड़ी तक अभियान चलाकर होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों और खाने–पीने के सामान की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान विभाग की टीम मिठाई और खाने–पीने की दुकानों के साथ ही रेस्टोरेंट पर खाने के सामान की जांच कर सैम्पलिंग की गई। अनिमियतता पाए जाने पर कई दुकानदारों के चालान भी काटे गए।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि इस वर्ष खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। इनमें विश्व के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का ये दूसरा संस्करण होगा। इस दौरान लगभग एक हजार 230 पैरा एथलीट छह विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में 20 से 27 मार्च तक पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन होगा।

## स्की चैम्पियनशिप

चमोली जिले में स्थित विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा केन्द्र औली में आगामी 16 से 19 मार्च तक होने वाली नेशनल स्की चैम्पियनशिप की तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्की एंड माउंटनियरिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष अजय भट्ट के अनुसार 16 मार्च को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न स्की प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ होगा। जबकि 17 व 18 मार्च को सलालम व जेंट सलालम रेस और स्नो बोर्ड प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 19 मार्च को चैम्पियनशिप का समापन होगा। चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी।

## शिक्षा मंत्री

प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुजरात शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद संस्थान का दौरा किया। उन्होंने गुजरात शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर स्कूली शिक्षा, शिक्षण प्रशिक्षण और शैक्षिक नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से प्रशिक्षण लेने आए उत्तराखंड के 11 शिक्षकों से भी मुलाकात की और उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने शिक्षण कौशल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रावत ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में उत्तराखंड सरकार निरंतर प्रयासरत है।

## वेबिनार

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 24 दशमलव चार प्रतिशत से दोगुना होकर 48 दशमलव आठ प्रतिशत हो गया है। बजट के बाद 'लोगों में निवेश' विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ति उसके लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दस नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है, जबकि 10 और कॉलेजों के लिए योजनाओं पर काम जारी है। डॉ. मांडविया ने रोजगार से जुड़ी पहलों पर आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच 17 दशमलव एक करोड़ नौकरियां सृजित की गईं, जिनमें पिछले वर्ष चार दशमलव छह करोड़ नौकरियां शामिल हैं।

वसंतोत्सव

राजभवन देहरादून में कल से तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फूलों से सुसज्जित ये वाहन पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर लोगों को महोत्सव की जानकारी देंगे। पहला वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा वाहन देहरादून से डोईवाला तक प्रचार करेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि वे पुष्प–प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकें।

मतदाता सूची अभियान

रुद्रप्रयाग जिले में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी जी.एस खाती ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अपडेट करने का अभियान 15 मार्च तक चलेगा, जिसमें पात्र मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूची की जांच करते हुए अभिलेखों से मिलान किया जाएगा, ताकि कोई नाम छूटने न पाए। इसके साथ ही प्रशासकों द्वारा ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।